# आकाशवाणी शिमला
## 15.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार :-**

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली के द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन भवन का निर्माण कार्य 6 माह के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।**
- **केन्द्र सरकार ने ऊना जिले में जेजों मोड़–टाहलीवाल चौक सड़क के स्तरोन्नयन के लिए 48 करोड़ रूपए से अधिक की राशि की स्वीकृत।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने की कांग्रेस रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक नारों की कड़ी निंदा।**
- **चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत कल हमीरपुर में होगा मैगा वॉकथॉन का आयोजन।**
- **लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल को पुण्यतिथि पर राष्ट्र ने किया नमन।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली के द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन का दौरा कर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लगभग एक सौ 45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस भवन में एक सौ 7 कमरे, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन उपचार, शिक्षा व अन्य कार्यों से दिल्ली आने वाले हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को इस भवन का निर्माण कार्य छह माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**उप–मुख्यमंत्री**

केन्द्र सरकार ने ऊना जिले में जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक सम्पर्क सड़क के स्तरोन्नयन के लिए 48 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति केन्द्रीय सड़क व अवसंरचना निधि के तहत प्रदान की गई है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत करीब 17 किलोमीटर लम्बे सड़क मार्ग का स्तरोन्नयन किया जाएगा। इसके अलावा पालकवाह, कांगड़ और बढ़ेडा में तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी किया जाएगा। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सड़क के विकसित होने से औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल , आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और सीमावर्ती इलाकों को बेहतर सुरक्षित व निर्बाध कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। मुकेश अग्निहोत्री ने ये स्वीकृति प्रदान करने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह दिशाविहीन और मुद्दाविहीन हो रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल जनता में भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है जबकि भाजपा सेवा व संवेदनशीलता के भाव से जनता के साथ खड़ी है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी का मुद्दा खड़ा करने का असफल प्रयास कर रही है लेकिन एस.आई.आर. का कार्य पूरे देश में चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक व अमर्यादित नारों की कड़ी निंदा की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस की राजनीतिक हताशा, कुंठा और गिरने वैचारिक स्तर का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे देश की जनता कांग्रेस को नकारती जा रही है वैसे–वैसे कांग्रेस अपने नैतिक व राजनीतिक स्तर से लगातार गिरती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस की इस रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कई वरिष्ठ नेता भी शामिल थे और और उनकी मौजूदगी में प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के विरूद्ध अमर्यादित नारे लगाए गए। मुख्यमंत्री ने इसका विरोध नहीं किया जो न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है बल्कि हिमाचल की गरिमा व छवि को भी ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। इस बीच जयराम ठाकुर ने मण्डी–गागल–चैल चौक–जंजैहली सड़क के लिए सी.आई.आर.एफ. के तहत एक सौ 37 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज शिमला जिले के चौपाल विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरैन में करीब 6 करोड़ 7 लाख रूपए से निर्मित भवन के लोकार्पण के बाद ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के बीते 3 वर्ष के कार्यकाल में हिमाचल ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को समृद्ध, हरित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध हैं।

**पुण्य तिथि**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकजुट करने के लिए कई प्रयास किए और सराहनीय कदम उठाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपना जीवन देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए समर्पित कर दिया था। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दूरदर्शिता से भारत को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**वॉकथॉन**

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान की कड़ी में कल 16 दिसम्बर को हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुआई में ये मैगा वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस मैगा वॉकथॉन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इस मैगा वॉकथॉन में विद्यार्थियों, युवाओं सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों के भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान हमीरपुर शहर में यातायात अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

**बधाई**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भाजपा के युवा नेता नितिन नबीन को पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और उन्हें निर्णायक भूमिका देने के पक्षधर रहे हैं और नितिन नबीन को दी गई जिम्मेदारी इसी दूरदर्शी सोच व युवा केन्द्रित नीति का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी और राष्ट्र सेवा के संकल्प को नई गति मिलेगी। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी नितिन नबीन को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चयन संगठन की युवा नेतृत्व पर मजबूत आस्था और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है।

**संजौली मस्जिद**

शिमला के बहुचर्चित संजौली मस्जिद मामले में हिंदू सघर्ष समिति ने शिमला नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर मस्जिद की निचली दो मंजिलों को छोड़कर उपरी हिस्से को हटवाने की मांग की है। समिति के नेता विजय शर्मा ने कहा है कि 29 दिसम्बर अवैध हिस्सा हटाने की आखिरी तारीख है ऐसे में नगर निगम न्यायालय के आदेश का पालन करवाए। उन्होंने इस बारे में कार सेवा का प्रस्ताव भी रखा है।

**प्रदर्शन**

एस.टी.पी. कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन हिमाचल प्रदेश, सीटू के आहवान पर प्रदेश भर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट मजदूरों ने आज शिमला में अपनी मांगों को लेकर जलशक्ति विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। यूनियन के महासचिव दलीप सिंह ने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क में कार्यरत मजदूरों को पिछले 6 महीने से वेतन नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा श्रम कानूनों की अनदेखी की जा रही है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए फिल्म क्रॉसिंग्स की सराहना की है। उन्होंने आज लोक भवन शिमला में क्रॉसिंग्स फिल्म देखने के बाद कहा कि इस तरह की रचनात्मक पहलें सभी लोगों विशेषकर बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर राज्य है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्माता विवेक मोहन ने बताया कि क्रॉसिंग्स दो वास्तविक घटनाओं से प्रेरित एक लघु फिल्म है।

**सिकंदर**

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सीमेंट में भारतीय रेल की मॉडल हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से थोक सीमेंट हैंडलिंग टर्मिनल के लिए इस वर्ष 18 नवम्बर को नीतिगत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में सीमेंट की लागत कम करने और स्वच्छ लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए कोई नई नीति शुरू करने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने ये जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि टैंक कंटेनरों में थोक सीमेंट की ढुलाई के लिए युक्तिसंगत व सरलीकृत सकल टन आधारित दर संरचना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि रेनवे द्वारा थोक सीमेंट हैंडलिंग टर्मिनल के विकास के लिए की गई नई पहलों से थोक सीमेंट के परिवहन के लिए उपयुक्त विशेष टैंक माल डिब्बों की उपलब्धता आसान हुई है।

**इंदु गोस्वामी**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत ग्रामीण सड़क सर्वे एप्प के माध्यम से सड़क सुविधा से वंचित हिमाचल प्रदेश की एक हजार 9 सौ 45 योग्य बस्तियों का सर्वे किया गया है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में संसद में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण के अंतर्गत हिमाचल की 4 सौ 29 बस्तियों को 2 सौ 95 सड़क परियोजनाओं के माध्यम से एक हजार 5 सौ 38 किलोमीटर लम्बी सड़कों का जाल बिछा कर सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। कमलेश पासवान ने बताया कि योजना के चौथे चरण का सर्वे सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों ने पूरा कर लिया है और मंत्रालय की तकनीकी टीम इसकी जांच कर रही है।

**डीसी शिमला**

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि नववर्ष में पूरे जिले को बेसहारा पशु मुक्त बनाया जाएगा। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पहली जनवरी 2026 तक जिले के सभी चिन्हित स्थानों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को नजदीकी गौसदनों में पहुंचाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक करीब पौने तीन सौ गौवंश जिले के विभिन्न स्थानों पर बेसहारा पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न गौसदनों में करीब 3 हजार 5 सौ पशुओं को रखने की क्षमता है।

**नरदेव कंवर**

प्रदेश भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा है कि बोर्ड द्वारा अब तक 3 हजार 8 सौ 35 लाभार्थियों को 14 करोड़ 17 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई है। वे आज शिमला में बोर्ड की निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नरदेव कंवर ने कहा कि कामगारों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और उत्थान के प्रति बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। निदेशक मंडल ने मंडी ज़िला के बलद्वाड़ा में नए उप–कार्यालय स्थापित करने को भी मंजूरी प्रदान की।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्का हिमपात हुआ है। ऊंची चोटियों पर हुए हिमपात के बाद जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। किसान और बागवान बेसब्री से बारिश व बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग ने बिलासपुर और मंडी के लिए आज व कल घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है जबकि अन्य भागों में 19 दिसंबर तक मौसम के साफ रहने का अनुमान है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर....**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली के द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन भवन का निर्माण कार्य 6 माह के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- केन्द्र सरकार ने ऊना जिले में जेजों मोड़–टाहलीवाल चौक सड़क के स्तरोन्नयन के लिए 48 करोड़ रूपए से अधिक की राशि की स्वीकृत।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने की कांग्रेस रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक नारों की कड़ी निंदा।
- चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत कल हमीरपुर में होगा मैगा वॉकथॉन का आयोजन।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल को पुण्यतिथि पर राष्ट्र ने किया नमन।